# कारोबार के लिए परिवहन सुविधा में यूपी की रैंकिंग 7 अंक सुधरी

## केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय की रिपोर्ट : दो साल में 13वें से छठे स्थान पर आया प्रदेश

लखनऊ। योगी सरकार के नाम एक और बड़ी कामयाबी दर्ज हो गई है। लॉजिस्टिक (व्यावसायिक परिवहन सुगमता) सुविधाओं के लिहाज से यूपी की रैंकिंग में महज दो साल में सात अंकों का सुधार हुआ है। वर्ष 2019 में जहां यूपी को देश में 13वां स्थान मिला था, वहीं इस वर्ष उसने छठा स्थान हासिल किया है। इतना ही नहीं, सबसे ज्यादा कोल्ड स्टोरेज यानी 39.84 प्रतिशत यूपी में ही है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने लीड्स-2021 (विभिन्न राज्यों के बीच व्यावसायिक परिवहन सुगमता) के तहत जारी रिपोर्ट में यह रैंकिंग दी है। इसमें कहा गया है कि यूपी में सबसे ज्यादा 689 रेलवे गुड्स शेड्स हैं। सबसे ज्यादा 2406 कोल्ड स्टोरेज भी यहीं हैं। लॉजिस्टिक के क्षेत्र में सबसे ज्यादा 5495 प्रशिक्षित मानव संसाधन और 58 ट्रेनिंग सेंटर भी यूपी में ही हैं। ब्यूरो

>> इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की अभी काफी गुंजाइश : पेज 8